भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भा वि प्रा में कौशल विकास को प्राथमिकताओं में शामिल किया गया -निर्माण उद्योग विकास परिषद के साथ करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।

नई दिल्ली, 23 जुलाई, 2015: श्री आर.के. श्रीवास्तव, आई ए एस, अध्यक्ष, भा वि प्रा के नेतृत्व में समुदाय के प्रति एवं इसके सभी अंशधारियों हेतु प्रतिबद्धता के प्रति उत्तरदायित्व को पूर्ण करने हेतु एक कौशल विकास कार्यक्रम का आरंभ किया गया जिसमें स्थानीय समुदाय तथा समाज के सभी वर्ग सम्मिलित है भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने युवाओं के कौशल को विकसित करने के लिए निर्माण उद्योग विकास परिषद (सी आई डी सी) के साथ कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के लिए एक करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है ।

इस परियोजना के अंतर्गत भा वि प्रा वर्ष 2015-16 के दौरान अपनी सी एस आर पहल के अंतर्गत सी आई डी सी से भागीदारी कर रू. 3.94 करोड का निवेश कर समाज के अल्प सुविधा प्राप्त वर्ग के 1000 युवाओं को प्रशिक्षण देगा । सी आई डी सी प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को रोजगार भी सुनिश्चित करेगा ।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787, 9810025069,

सं. 27/2015-16

श्री आर. के. श्रीवास्तव, आई ए एस, अध्यक्ष, भा वि प्रा के नेतृत्व में एक कौशल विकास कार्यक्रम का आरंभ किया गया । श्री आर.एन. श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक (मा.सं.), भा वि प्रा तथा श्री ए. भारद्वाज, निदेशक सी आई डी सी ने भा वि प्रा तथा सी आई डी सी अधिकारियों की उपस्थिति में करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए ।